प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना के तहत केंद्र सरकार का योगदान मनरेगा के छियासी हजार करोड़ रुपये की तुलना में बढ़ाकर लगभग पंचानवे हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण रोजगार के लिए सरकार के निरंतर और मजबूत समर्थन को दर्शाता है। एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित लेख में श्री चौहान ने कहा कि अब वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन कर दिया गया है। श्री चौहान ने कहा कि योजना के तहत, राज्यों को केवल कार्यान्वयन एजेंसियों के रूप में नहीं, बल्कि विकास में भागीदार के रूप में माना जाता है।

———————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो, ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपने सबसे भारी अंतरिक्ष यान एलवीएम–थ्री–एम–सिक्स के जरिए अगली पीढ़ी के अमरीकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–टू का सफल प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से सुबह आठ बजकर पचपन मिनट पर किया गया। ब्लू बर्ड ब्लॉक–टू मिशन, उपग्रह के माध्यम से सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे हर किसी के लिए, हर जगह, हर समय फोर–जी और फाइव–जी वॉयस और वीडियो कॉल, टेक्स्ट, स्ट्रीमिंग और डेटा की पहुंच आसान हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो को एलवीएम–थ्री–एम–सिक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी है।

———————————————————————

भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना में प्रदेश कार्यालय स्थित सभा भवन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। श्री नवीन के आज शाम ही दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए ढांचागत सुधार पर कार्य कर रही है। श्री कुमार ने आज पटना के मीठापुर में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

पहाड़ों पर बर्फबारी और सर्द पछुआ हवा के कारण राज्य में अधिकतर स्थानों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर बहुत कम रह जाने के कारण दिन और रात के समय एक जैसी ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने बताया है कि अट्ठाईस दिसम्बर तक हालात में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत राज्य के बारह जिलों में शीत लहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि कई जिलों में अत्यधिक ठंड को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, जमुई और बांका समेत राज्य के दक्षिण—पूर्व और दक्षिण—मध्य भागों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने शराबबंदी कानून के तहत जब्त वाहनों की नीलामी में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुये जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई—ईओयू को सौंपा है। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति सौरेंद्र पांडेय की खंडपीठ ने मुजफ्फपुर में चार सौ नब्बे वाहनों की नीलामी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।